# -:प्रेस नोट:-

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात** **दिनाँक- 13.07.2026**

❖**साइबर ठग द्वारा शिकायतकर्ता का फोन हैक कर व सिम पोर्ट कराकर खाते से रुपये निकालकर साइबर धोखाधड़ी की गयी थी।**

❖**थाना शिवली पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता के खाते में धनराशि ₹ 98,308.46/- को वापस कराया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराध निवारण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता श्री सतीश चन्द्र पुत्र मुंशीलाल निवासी ग्राम मवैया थाना शिवली जनपद कानपुर देहात का फोन हैक कर व शिकायतकर्ता की सिम पोर्ट कराकर साइबर ठग द्वारा शिकायतकर्ता के खाते से रूपये निकालकर साइबर धोखाधड़ी दिनांक 17.01.2026 से 22.01.2026 के मध्य की गयी थी। जिसकी शिकायत शिकायतकर्ता द्वारा थाना शिवली पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) पर दिनांक 23.01.2026 गयी थी। जिस पर थाना शिवली पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता की कटी हुयी कुल धनराशि से ₹98,308.46/- दिनांक 11.07.2026 को शिकायतकर्ता के खाते मे वापस करायी गयी। शेष धनराशि हेतु अग्रिम कार्यवाही प्रचलित है। पुलिस की कार्यवाही से शिकायतकर्ता ने थाना शिवली पुलिस का धन्यवाद दिया।

**वापस करायी गयी धनराशि-**

**₹98,308.46/-**

1.मोबाइल फोन खोने पर सीईआईआर पोर्टल व संचार साथी एप्लीकेशन के माध्यस से शिकायत दर्ज करें- https://www.ceir.gov.in

2.आनलाइन फ्राड खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें या https://www.cybercrime.gov.in/ पर शिकायत दर्ज करे।

**धनराशि वापस कराने वाली थाना शिवली पुलिस टीम-**

1. निरीक्षक श्री अमरेन्द्र बहादुर सिंह
2. उ0नि0 श्री सोमवीर सिंह
3. क0 आ0 अतुल कुमार
4. म0का0 1261 प्रीति सोनकर